उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में 70 वें गणतंत्र दिवस, 2019 समारोह का आयोजन

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में गणतंत्र दिवस, 2019 मनाया गया। जिसकी शुरूआत 26 जनवरी की सुबह झण्डा रोहण से हुई। संस्थान प्रांगण में निदेशक डॉ. जी. राजेश्वर राव, द्वारा झण्डा रोहण किया गया। इसके बाद आवासीय परिसर स्थित बॉलीवाल कोर्ट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य बॉलीवाल मैच का आयोजन किया गया, निदेशक महोदय की टीम विजयी घोषित की गई। वॉलीवाल मैच के पश्चात् लॉन टेनिस कोर्ट स्थित मंच पर संस्थान परिवार के बच्चे, महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसके बाद विगत एक माह से चल रहे विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को निदेषक, डॉ. जी. राजेश्वर राव, कार्यालय प्रमुख, श्री चतुर्भुज बेहरा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा महासचिव, डॉ. अविनाश जैन एवं डॉ. फातिमा शिरीन द्वारा पुरस्कृत किया गया। निदेशक महोदय द्वारा विजेता प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमुदाय की प्रशंसा की एवं अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से संस्थान परिवार में आपसी मेलजोल बढ़ता है, एवं एक नये जोश के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। समापन कार्यक्रम संस्थान परिवार के साथ मैत्रयी भोज से संपन्न हुआ। उक्त सभी कार्यक्रमों के सफल संपन्न होने में श्री स्वरूप अहरवार, क्रीड़ा सचिव, श्री एस.सी. विश्वास, सांस्कृतिक सचिव, श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस, कोषाध्यक्ष, श्री आर.बी. मांझी एवं श्री शैलेन्द्र चन्देली आदि पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।